# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026



Sumeet Group

# "सफर 42 सालों का, रिश्ता उम्र भर का"



दिल से धन्यवाद!

सुमीत बाजार™

42 ANNIVERSARY

1984 से आज तक, फैशन बदला है, ट्रेंड आए और गए हैं...
लेकिन एक चीज कभी नहीं बदली – आपका भरोसा!
चाहे त्यौहार हो, शादियाँ हो, या रोजाना पहनने वाले कपड़े हो
बच्चों से लेकर बड़ों तक, हमने हर पीढ़ी को कपड़े पहनाए हैं.
आज हमारे 42 स्टोर्स हैं.
हमें ये गर्व है कि दादा-दादी से लेकर पोता-पोती तक
हमारे परिधानों ने रिश्तों को सजाया है.

**आइयेगा जरूर !**

*साथ में केक काटें, और मनाए 42 सालों के रिश्ते का जश्न !*
*शाम 6 बजे! आपका इंतज़ार रहेगा!*

**सह-संस्थान -** SUMEET JEWELLERS | SUMEET WHOLESALE | Shubham K Mart | SUMEET INFRACON | NEO MO

छत्तीसगढ़ – रायपुर – बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढियारी, कटोरा तालाब, संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर। आरंग
भिलाई – सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला, पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड। दुर्ग – स्टेशन रोड, पुलगांव। नवापारा (राजिम) – गंज रोड, सदर रोड। बिलासपुर। भाटापारा। सिमगा। खरोरा। बालोद
राजनांदगांव। डोंगरगढ़। बेमेतरा। कवर्धा। महासमुंद। सरायपाली। बागबाहरा। धमतरी। कांकेर। कोण्डागांव॥ उड़ीसा – खरियार रोड। नुआपाड़ा॥ मध्यप्रदेश – बालाघाट। धामनोद

## खबर संक्षेप

### खपरीकला में मड़ई आज

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम खपरीकला में कल 7 फरवरी को मड़ई मेले का आयोजन किया गया है। वहीं 8 फरवरी को दिन में छत्तीसगढ़ी नाच गोपाल - बलराम निपानी वाले का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष दुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुनील रजक, कोषाध्यक्ष नेमलाल साहू, फिलेश सिन्हा, गोविंदा साहू ने लोगों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### सड़क निर्माण में देरी, 9 को चक्काजाम

**तुमड़ीबोड़।** सड़क निर्माण और डामरीकरण में लगातार देरी से नाराज़ अमलीडीह और गिधवा के ग्रामीण अब आंदोलन करने मूड में आ गए हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के आश्वासनों को खोखला बताते हुए ग्रामीणों ने 9 फरवरी को धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में कलेक्टर, एसपी और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण की कई बार घोषणा हो चुकी है किन्तु अब तक काम शुरू नहीं हुआ। अब डामरीकरण चालू होने की बात कहकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खराब सड़क के कारण मजदूरों, किसानों और राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि अब सिर्फ कागजी वादे नहीं, सड़क पर काम चाहिए।



### प्राथमिकता से करें मरीजों की सेवाः संजय

**छुरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बूचाटोला में जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, बीएमओ डॉ. उमेश भगत, डॉ. दिग्विजय शर्मा शामिल हुए। श्री सिन्हा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन दीप समिति केवल एक संस्था नहीं है, बल्कि यह मानव सेवा का उदाहरण है। यह समिति उन लोगों के लिए आशा की किरण है, जो निराशा और पीड़ा से जूझ रहे होते हैं। बैठक में श्री शर्मा ने आय व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। दवाई सहित आवश्यक उपकरण, समान खरीदी का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जनपद सदस्य ऊभेराम मंडावी, सरपंच अलेंद्र चंद्रवशी, गणेश साहू, ललिता चंद्रवंशी, थामबाई चंद्रवंशी, रामकुमार मंडावी सहित अन्य मौजूद थे।



### योग और ध्यान का कराया अभ्यास

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर के निर्देशन में एनईपी 2020 अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए योग एवं ध्यान अभ्यास का आयोजन किया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने योग के महत्व एवं होने वाले लाभ से अवगत कराया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता विरदी ने विद्यार्थियों को मंत्रोच्चार के माध्यम से ध्यान एवं योग अभ्यास कराया। उन्होंने इससे होने वाले लाभ से अवगत कराते हुए नियमित अभ्यास करने की सलाह दी। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, डॉ संजू सिंह, कंचन साहू ओमप्रकाश सहारे, शुभि जैन, योगिता ठाकुर, हिमानी साहू उपस्थित थे।



### रजत जयंती महोत्सव का आयोजन

**डोंगरगढ़।** विद्युत वितरण केंद्र धारा के तत्वावधान में भवानी भवन करेला में रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजलाल वर्मा, कमलेश वर्मा, खुशाल चावड़ा, राजकुमार वर्मा उपस्थित थे। शुरूआत में अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। सहायक अभियंता लाखनसिंह ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता अमन पथोड़े ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। वीडियो के माध्यम से पीएम सूर्य घर योजना के बारे में बताया गया। विभाग ने दो साल से नियमित बिल भुगतान करने वाले हितग्राहियों को सम्मानित किया।



### पटेवा में फाग महोत्सव 28 से

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग उत्सव समिति एवं एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28 फरवरी एवं 1 मार्च को मां शीतला माता मंदिर प्रांगण में किया गया है। विजेता मंडली के लिए झांकी एवं रचना वर्ग के लिए आकर्षक पुरस्कार की व्यवस्था रखा गया है। आयोजक समिति के कार्यकर्ता भूपेन्द्र देवांगन,रेखा वर्मा, चिन्ता मणी साहू,सेवक देवांगन, नारायण ढीमर, मंत्री ढीमर,फागू ढीमर, चंद्रकांत देवांगन,भुजेन्द. देवांगन,सेवक साहू,दीलीप ढीमर, मुकेश ढीमर,हरी राम साहू, तुषार देवांगन, द्वारिका निर्मलकर भानू वर्मा , ज्ञानेश्वर निर्मलकर, कन्हैया वर्मा,जगन वर्मा टीलू वर्मा, सुखराज देवांगन आदि तैयारी में जुट गए है।

### जिंदगी और मौत से लड़ रहा मासूम, मदद की गुहार

**डोंगरगढ़।** चारभाटा मोहनपुर का 7 वर्षीय प्रांजल कौशिक अपनी उम्र से बड़ी लड़ाई लड़ रहा है। डॉक्टरों की जांच में यह सामने आया है कि उसकी दोनों किडनी फेल हो चुकी है फिलहाल वह डायलिसिस के सहारे है। डॉक्टरों का कहना है कि उसकी जिंदगी बचाने के लिए किडनी ट्रांसप्लांट करना अनिवार्य है। डाक्टरों ने इलाज में लगभग 35 से 40 लाख खर्च होना बताया है जिसका इंतजाम करना मजदूरी-किसानी पर निर्भर परिवार के लिए असंभव है। माता-पिता ने बताया कि वह अपने बच्चे की जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक मजबूरी के आगे बेबस हैं। हर बीतता दिन प्रांजल की हालत को गंभीर बना रहा है। समय रहते इलाज नहीं हुआ तो उसके जीवन पर संकट में आ सकता है। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए माता पिता ने सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और जनसामान्य से सहयोग करने की अपील की है।



## धर्मनगरी में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन

# शहर में गूंजा बुद्धं शरणं गच्छामि

## बौद्ध सम्मेलन में उमड़े देश विदेश के श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रज्ञागिरि में 33 वां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मलेन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश विदेश के उपासक उपासिकाओं सहित बौद्ध धर्म गुरू शामिल हुए। प्रसिद्ध प्रज्ञागिरि में जय भीम तथा भगवान बुद्ध का जयकारा गूंजते रहा। धम्म सेना नायक आर्य नागार्जुन, सुरई ससाई के मार्गदर्शन में कालकापारा स्थित बौद्ध विहार से विशाल रैली निकाली गई जो मुख्य मार्ग से छिरपानी, संजय नगर मार्ग पर स्थित गौतम बुद्ध और बाबा साहेब की प्रतिमा माल्यार्पण करते हुए प्रज्ञागिरि पहुंची।

### विभिन्न भाषाओं में बुद्ध वंदना

प्रज्ञागिरि में विराजित बौद्ध प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन परित्राण पाठ और बौद्ध वंदना की गई। उक्त प्रक्रिया जपानी भाषा में में भी हुई। पूजा अर्चना के बाद सभा आयोजित हुई। सभा में देश विदेश से आए लगभग 1 दर्जन भदंत, भंतो, समाजिक राजनितिक जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में समाजिक समरसता, तथागत बुद्ध के उदेश्य और सामाजिक बदलाव के लिए डा अंबेडकर द्वारा किए गए प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। शांति के मसीहा के समक्ष नगार्जन सरई ससाई ने पंचशील पाठ किया।





### सरकार के प्रयास की सराहना

प्रज्ञागिरि ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने पिछले 33 साल में हुए विकास एवं आने वाले लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए उपासना केन्द्र, सड़क एवं परिक्रमा पथ की जानकारी दी। उन्होंने प्रज्ञागिरि को एक अलग पहचान देने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के प्रयास की सराहना की।



### सामाजिक एकता और शिक्षा पर जोर

सभा में अतिथियों ने समाजिक एकता और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दिलीप वासनीकर, सुनील रामटेके, रमन डोंगरे, सुनील रामटेके, मधुकर जाम्बुलकर, भोजराम गौखेडे, प्रवीण मुख्यभौरे, अनिल खोब्रागढे, सुरेश सहारे, अनिल खोब्रागढे, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, विजेन्द्र ठाकुर, हर्ष भारती, संतोष भिमटे, शैलेष बडगे, अनिल साखरे, अनिल मेश्राम, मुन्नालाल नंदेश्वर, धीरज मेश्राम, शैलेन्द्र डोंगरे, सुनील नागदौने, सुरेश सहारे, श्रीनिवास राव, प्रमोद टेम्भुर्णीकर, अनिकेत मेश्राम, करूणा डोंगरे, मयंक डोंगरे, अयश खांडेकर, संतोष लांजेवार, धन्नालाल गणवीर, संतोष, दीप रामटेके, सुबोध खोब्रागढे, अमन जनबंधु सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएं उपस्थित थे।

### भिक्षु एवं विदेशी अतिथि भी आए

कार्यक्रम में शोमिन ओकाजाकी, सुंदाई होंडा, क्युओं काँडो, शूंची जुगे, योसुके कावासाकी, कोकुम्पो अगाता, साइजई अगाता कोसुन ताकियामा, मियुकी कोमोरी, मिका नागासाकी, गा नागासाकी, शौदाई वाताना, रपूपो शिमिन्जु, पासुहरु पासाकी, नाओमी शासकी, हीमैन कांग स्यूशी ताकाणी, स्काई साएकी, भदंत नागानंद, भदंत नागसेन, भदंत डॉ. संघ घोष, भदंत आनंद, भदंत प्रकाश, भदंत महानामा, भदंत प्रज्ञाशील, भदंत प्रज्ञा बोधी, भदंत नागरत्न, भदंत आनंद बोधी, भदंत रेयूकेई मेघकी, भदंत कुमार कश्यप शामिल हुए। इस दौरान धम्म सेना नायक आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई, बरितामा नागासाकी, बेन. फ्रा फत्तराफोन टिपाटाइसॉन्गा, येन धमरोंगसिल्पा पोचिसॉन्गा, वेन जेड्राफत श्री बुनमासकुल, चौन सुरच, तामपान, पीरापोन चांधेप, कोविदा सिहा, पॅगकोटके, ओभदंत नागरल सहित अन्य की उपस्थिति रही। स्वागत भाषण में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे को धन्यवाद दिया। उन्होंने विपश्यना केन्द्र के साथ अनुयायियों के लिए सुविधाजनक कमरे निर्माण की मांग की।

## सरकारी जमीन हड़पने की होड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ सड़क किनारे की जमीनों पर दलालों की नजर

शहर के मुख्य मार्गों से लगी नजुल भूमि पर धड़ल्ले से कब्जा किया जा रहा है। शासकीय भूमि पर कब्जा करने के बाद बिना अनुमति के निर्माण भी कराया जा रहा है। बीते 10 सालों में तत्कालीन पालिका अधिकारी राजस्व अमला आदि के संरक्षण में लगभग 5 करोड कीमत की जमीन पर कब्जा हो चुका है। वर्तमान में मुख्य मार्ग के अलावा श्रीराम हॉस्पिटल, अटल परिसर, अग्रसेन चौक, ठेठवार पारा, आदर्श नगर कालोनी, ओवर ब्रिज के आसपास कब्जा होने के बाद खैरागढ रोड स्थित पाईप फैक्ट्री के सामने स्थित नाले को पाट कर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। इसी प्रकार अदिवासी छात्रावास आश्रम के सामने भी अवैध कब्जा कर लोगों ने निर्माण कर लिया। नाले पर कब्जा करने का मामला सामने आने के बाद नगर पालिका अधिकारी ने नोटिस जारी किया है।

### पानी की निकासी होगी बाधित

जिस नाले पर कब्जा किया गया है उससे पहाड़ी के पानी की निकासी होती है। पानी की निकासी के बाधित होने से बरसात के दिनों में परेशानी खड़ी हो सकती है। इस मामले में कानूनी कार्यवाही करने के बजाए केवल नोटिस जारी कर पल्ला झाडने का प्रयास पालिका ने किया है।

## शिशुमंदिर के विशेष साहू को पीएचडी की उपाधि

■ जैव विविधता पर किया शोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कन्हारगांव निवासी विशेष कुमार साहू को रावतपूरा सरकार यूनिवर्सिटी ने मकड़ी में जैव विविधता पर शोध करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हे यह उपाधि गत दिनों महामहिम राज्यपाल रामेन डेका ने प्रदान किया। शोध के सुपरवाइजर डॉ सुरेंद्र कुमार गौतम थे। श्री साहू की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नारायण लाल अग्रवाल, राजेंद्र जैन, अविनाश ब्राह्मणकर, प्रकाश गिरधर, नीलम चोपड़ा, केशव अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनील जैन, प्राचार्य प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन ,योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, लता सोनकर, हिमांशु इंदुलकर,मोनिका वाकले आदि ने बधाई दी है।



## माता कलारिन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत

**अर्जुनी।** निकटवर्ती ग्राम रामपुर में माता बहादुर कलारिन जयंती के अवसर पर समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजिकजन शामिल हुए।

मुख्य अतिथि प्रांतीय संरक्षक दीपक सिन्हा थे। उन्होंने माता बहादुर कलारिन के साहस, त्याग, परिश्रम और स्वाभिमान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि माता बहादुर कलारिन ने विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के मान-सम्मान और संस्कारों की रक्षा करते हुए जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है। इस अवसर पर रवि सिन्हा, सरपंच यतीश सिन्हा, जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान महिला मंच की जिला अध्यक्ष निर्मला सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, प्रताप सिन्हा आदि मौजूद थे। समाजिक जनों ने माता बहादुर कलारिन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



## नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी, पीड़ितों ने की थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

करोड़ों की ठगी के मामले में एक्सेस बैंक उमेश गोरले का नाम सामने आने के बाद अब नौकरी का झांसा देकर जालसाजी करने के मामले में एक और गोरले का नाम सामने आ रहा है। इस जालसाजी में भिलाई के पूर्व पार्षद का नाम भी सामने आने से हड़कंप मच गया है।

नौकरी के झांसे में आए दो शिकायतकर्ताओं ने गत 4 फरवरी को थाना में शिकायत की है। शिकायत कर्ताओं ने डोंगरगढ़ के देवेंद्र गोरले और भिलाई के पूर्व पार्षद जय प्रकाश यादव पर नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी करने का आरोप लगाया है। इंदिरा नगर वार्ड 5 निवासी उमा भारती लिल्हारे ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पति रमेश लिल्हारे नगर पालिका पार्षद थे। उनकी मृत्यु के पश्चात देवेन्द्र गोरले जो उसके पति का मित्र था अक्सर घर आया जाया करता था। देवेन्द्र ने वन विभाग में सहायक ग्रेड-2 के पद पर नौकरी लगवाने की बात कहकर लगभग 3 लाख खर्च करने की बात कही। उसने बताया कि पहले 1.50 लाख और नौकरी लगने के बाद शेष 1.50 लाख देना पडेगा। देवेन्द्र ने यह भी दावा किया कि भिलाई निवासी मित्र जयप्रकाश यादव का मंत्रालय में अच्छा लिंक है। वह पूर्व में कई लोगों की नौकरी लगवा चुका है। उस पर विश्वास करके उसने 2 जनवरी 2023 को 1.50 लाख नगद दिया था।

### रकम उधार में लेने की लिखा-पढ़ी

श्रीमती लिल्हारे में आगे बताया कि आरोपी ने 50 रूपए के स्टाम्प पर 1.50 लाख उधार लेने का उल्लेख किया है। रकम लेने के बाद उसने कई बार जयप्रकाश से बात कराया। जय प्रकाश ने वैकेन्सी निकलते ही तत्काल नौकरी लगवाने का आश्वासन दि। लंबे समय तक नौकरी नहीं लगने पर रकम वापस मांगने पर 90 हजार वापस किया। शेष रकम अब तक वापस नही किया गया है। इसी तरह वार्ड एक के भूषण सिन्हा ने वन विभाग में सहायक ग्रेड-2 के पद पर भाई को नौकरी लगवाने के लिए धोखाधड़ी की शिकायत की है। शिकायत के अनुसार उससे 5 लाख की मांग की गई थी जिसे दो किश्त में देना था। उन्होंने देवेन्द्र गोरले को 3 मार्च 2023 को 2 लाख नगद दिया था। बीते तीन साल में न नौकरी मिली और रकम वापस मिली है। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

मामले की शिकायत मिली है जिसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

\- **संतोष जायसवाल,** थाना प्रभारी

## नर्मदा के जल से होगा शिव का अभिषेक

# नर्मदा से खैरागढ़ तक भव्य यात्रा 10 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

हिन्दू जन जागरण सेवा समिति द्वारा आगामी 10 फरवरी को खैरा नर्मदा से रूखड दरबार खैरागढ़ तक भव्य यात्रा निकाला जाएगा। इस आयोजन को लेकर गुरूवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सभी सदस्यों से राय लेकर रूपरेखा तैयार किया गया।

जानकारी के अनुसार समिति द्वारा विगत पांच वर्षों से यह यात्रा निकाला जा रहा है। खैरागढ़ में आयोजित रूखड़ स्वामी महोत्सव के पहले दिन नर्मदा कुंड का जल वहां विराजित शिव भगवान पर अर्पित किया जाता है। नर्मदा कुंड के जल अभिषेक के साथ ही महोत्सव का शुभारंभ होता है। इस वर्ष भी समिति के सदस्य एवं शिव भक्त हजारो की संख्या में इस यात्रा में शामिल होंगे।



### निकलेगी मोटर साइकिल यात्रा

हिन्दू जनजागरण समिति द्वारा हर साल पैदल कांवर यात्रा निकाला जाता है जिसमें हजारों शिवभक्त शामिल होकर रूखड स्वामी दरबार पहुंचते थे, किन्तु इस बार यह यात्रा मोटर साइकिल से निकाला जाएगा। यात्रा में पांच सौ से भी अधिक मोटर साइकिल शामिल होगी। यह यात्रा सुबह 10 बजे नर्मदा मैय्या की पूजा अर्चना एवं नर्मदा कुंड से जल लेकर निकलेगी। मोटर साइकिल यात्रा पिपरिया तक जाएगी जहां से रूखड स्वामी मंदिर तक पदयात्रा निकलेगा। यात्रा में बड़ी संख्या में युवक युवती भजन कीर्तन करते शामिल होंगे। बैठक में खम्हन ताम्रकार, प्रकाश जंघेल, ललित चोपड़ा, डोमारसिंह भेड़िया, कांशीराम पोर्ते, दूजेराम वर्मा, लालचंद पटेल, बोधनसिंह मेरावी, दिवाकर सोनी, लोमश वैष्णव, महेश जैन, अनुज साहू, तीजे धुर्वे, लीलाराम साहू, रामा साहू, रमेश जंघेल, पवन पटेल, दुर्गेश जंघेल, गौतम कुंजाम, किशन सेन, डीलाराम, चन्द्रभान वैष्णव, वीरेन्द्र जंघेल सहित अन्य शामिल हुए।

## वार्षिकोत्सव में मेधावी बच्चे हुए सम्मानित





**डोंगरगढ़।** प्राथमिक विद्यालय नवागांव गत दिनों वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के बच्चों ने सुआ, कर्मा, देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि जिपं सभापति प्रशांत कोड़ापे थे। अध्यक्षता एबीईओ गोपीराम वर्मा ने की। विशेष अतिथि सरपंच मदन राम देवांगन, उपसरपंच ताराचंद सिन्हा, पंच देवलाल वर्मा, प्रधानपाठक मंजरी गजभिए थी। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आगाज किया। प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। नवोदय विद्यालय के लिए चयनित कुषिका बाघमारे को प्रतीक चिन्ह एवं 10 हजार नगद प्रदान किया गया।

### फुटबाल में अन्ना एफसी ने जीता फाईनल मैच

**डोंगरगढ़।** रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में अन्ना फुटबॉल क्लब के तत्वावधान एवं खेल प्रेमियों के सहयोग से फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अन्ना एफसी, परिहार टाइटंस, महादेवा एवं किंग्स इलेवन ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला अन्ना एफसी एवं किंग्स इलेवन के मध्य खेला गया, जो संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिसके पश्चात पेनल्टी शूटआउट में अन्ना एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत दर्ज किया। मैच के दौरान तरुण हथेल, अनिल पोद्दार एवं रेलवे थाना प्रभारी प्रशांत एलडक उपस्थित थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की। खेल को बढ़ावा देने की दिशा में पार्षद के. विनायक राव के प्रयास को सभी ने सराहनीय बताया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## गरीबों के स्वास्थ्य से खिलवाड़, भारी पड़ा सीएमओ पर

# लाखों रुपए की गड़बड़ी करने वाले सीएमओ पर एफआईआर की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

गरीब बस्तियों की रहने बसने वालों की सेहत से खिलवाड़ करना बेमेतरा के तत्कालीन सीएमओ नरेश वर्मा पर भारी पड़ा। सूडा ने जून 25 मे कवर्धा सीएमओ के रूप मे काम करने के दौरान सीएमओ नरेश वर्मा को सीएम शहरी स्लम योजना तहत दवा खरीदी, वितरण और भुगतान प्रक्रिया मे वित्तीय हानि के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए 20 लाख 80 हजार 380 रुपये की वेतन से वसूली का पत्र जारी किया था जिसके बाद संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने सूडा से मिले दस्तावेजों की विशेषज्ञ टीम से जांच कराई।

उन्होंने दिसंबर 25 को अवर सचिव को प्रेषित अभिमत मे लिखा है कि कार्य संचालन सेवा प्रदाता कंपनी पर अर्थदंड की राशि अधिरोपित नही करने से 25 लाख 91 हजार 500 रुपयो की हानि दर्शाता है जबकि कबीरधाम जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी द्वारा 10 जनवरी 22 को जारी पत्र अनुसार पेनाल्टी काटा जाना था। जांच समिति ने पाया कि कबीरधाम के तत्कालीन सीएमओ नरेश वर्मा ने एमएमयू संचालन एजेंसी को अधिक राशि का भुगतान किया है इसलिए उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के अलावा अधिक राशि भुगतान को लेकर एफआईआर कराया जाना चाहिए।



### सीएमओ को थमाई नोटिस

प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र मे स्पष्ट रूप से कहा गया है कि समय सीमा के भीतर प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नही पाए जाने की स्थिति मे पर वित्तीय हानि की वसूली सीएमओ नरेश वर्मा के वेतन अथवा राजस्व वसूली नियमो के प्रावधान तहत किया जाएगा। जांच रिपोर्ट मुताबिक अफसरशाही के इस खेल से सरकारी खजाने को तगड़ा झटका लगा और यह साफ तौर पर वित्तीय अनियमितता और कदाचार की श्रेणी में आता है।

### वसूली के लिए 6 महीने पहले सूडा ने किया था पत्र जारी

कवर्धा नगर पालिका मे सीएमओ के रूप मे कार्य करने के दौरान नरेश वर्मा पर सीएम स्लम स्वास्थ्य योजना के नोडल अधिकारी होते हुए स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे जनहितकारी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन दौरान पीएमयू द्वारा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर दवा खरीदी, वितरण और भुगतान मे पारदर्शिता के अभाव मे 2 लाख 13 हजार 497 रूपयो का अपव्यय, थर्ड पार्टी ऑडिट एजेंसी व एरिया मैनेजर द्वारा एमएमयू संचालन एजेंसी पर 17 लाख 7 हजार 880 रूपए और 6 लाख 500 रूपए कुल 23 लाख 8 हजार 380 रूपयो की वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई थी जिसमें से मात्र 2 लाख 28 हजार रूपए अधिरोपित करना पाया गया जबकि शेष राशि लगभग 23 लाख जॉच के दौरान अधिरोपित करना नही पाया गया। राज्य शहरी विकास अभिकरण ने योजना क्रियान्वयन मे पारदर्शिता का अभाव, वित्तीय अनियमितता, को सेवा शर्तों के अधीन कदाचरण की श्रेणी और दायित्व निर्वहन मे लापरवाही साथ उदासीनता का परिचायक मानते हुए उक्त कृत्य को करने का कारण स्पष्ट करने कहा है।

### पूर्व जिला भाजपा महामंत्री ने उठाई आवाज

मामले का पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक ने खुलासा किया था उन्होने प्रकरण संज्ञान मे आने के बाद विभागीय अधिकारियों व सरकार के मुखिया तक इस गड़बड़झाले की जानकारी दी जिसके बाद पहले सूडा एक्शन मे आया। नरेश वर्मा के खिलाफ बीस लाख से ऊपर की राशि वसूली का पत्र जारी किया बाद मे नगरीय प्रशासन विभाग ने भी मामले की सूडा के विशेषज्ञों से जांच कराई जिसमे उन्होने स्पष्ट रूप से नरेश वर्मा को वित्तीय हानि का दोषी पाते हुए कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के अलावा एफआईआर कराया जाना सही बताया है। रामाधार रजक ने बताया कि सीएम के जनकल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन सरकारी अधिकारी की लापरवाही की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों सहित सरकार से लगातार पत्र व्यवहार किया, मुलाकात की जिसके बाद अब सरकारी राशि का अनुचित उपयोग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

## सार समाचार

### शशिकांत के मार्कफेड अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के संरक्षक, वरिष्ठ कवि व साहित्यकार शशिकांत द्विवेदी के मार्कफेड अध्यक्ष बनने पर समिति के कवि व साहित्यकारों ने श्री द्विवेदी को शुभकामनाएं दी। साहित्य समिति के संरक्षक आत्माराम कोशा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा ठा. प्यारेलाल सहकारिता सम्मान से सम्मानित हो चुके शशिकांत द्विवेदी धर्म, अध्यात्म, राजनीतिक व किसानों का हित चिंतन करने वाले ओजस्वी कवि हैं। श्री द्विवेदी के मार्कफेड अध्यक्ष बनने पर साहित्य समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, सचिव मानसिंह, कवयित्री सुषमा शुक्ला, थंगेश्वर कुमार साहू, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, पद्मलोचन शर्मा, पवन यादव, रिखीराम पटेल, आनंदराम सार्वा, शारदा तिवारी, अशोक चौधरी, गिरीश ठक्कर, वीरेंद्र तिवारी, गजेंद्र हरिहरणो आदि ने शुभकामनाएं दी। उक्ताशय की जानकारी साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।



### अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बताई

**राजनांदगांव।** ग्राम कोटराभाटा में संवाद चलित थाना एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 02 फरवरी को पुलिस चौकी सुरगी द्वारा ग्राम कोटराभाटा में किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड, सोने-चांदी चमकाने के नाम पर ठगी, कंबल बेचने वाले ठगों से सावधान रहने, महिला संबंधित अपराधों एवं यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गया तथा ऐसे अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बताई गई। उक्त अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में पुलिस स्टाफ द्वारा स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया गया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने हेतु हेलमेट, डायरी एवं कैलेंडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू, अन्य पुलिस स्टाफ, ग्राम पंचायत कोटराभाटा के सरपंच डॉन साहू, ग्रामीणजन एवं रक्तदान शिविर के आयोजक बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव से मदन साहू एवं उनकी टीम उपस्थित रही।



### नीरज विद्या मंदिर में मना ग्रेड पेरेंट्स-डे

**राजनांदगांव।** नीरज विद्या मंदिर में ग्रेड पेरेंट्स-डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रारंभ में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। प्री-प्रायमरी के बच्चों द्वारा 'सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु' प्रार्थना की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य अंजुम जहान एवं प्रशासक जी. राम सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि प्रत्येक परिवार में बड़े-बुजुर्ग असली धन होते हैं और इन्हीं से परिवार को पहचान और पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं। प्राचार्य सुश्री जहान ने कहा कि संयुक्त परिवार से ही आज की पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है। प्री-प्रायमरी के छात्र-छात्रा नित्या साहू, वियांश, अन्वय साहू, प्रिशा रंगारी एवं वान्या ने अपने-अपने विचार रखे। प्री-प्रायमरी के बच्चों ने समूह नृत्य व गीतों की प्रस्तुति दी। गेम्स के विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया।



### जनभागीदारी समिति की बैठक में कई निर्णय



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के जनभागीदारी समिति की बैठक जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा सदस्यों के स्वागत भाषण के साथ की गई। अध्यक्ष श्री रायजादा द्वारा मीटिंग के विभिन्न एजेंडा पर चर्चा की गई। जिसमें महाविद्यालय में जिम में विभिन्न प्रकार के उपकरण जो पुराने हो चुके हैं, उसके मरम्मत एवं आवश्यकतानुसार नए उपकरण क्रय, विद्यार्थियों के बैठने हेतु ऑटोनॉमस के बाहर कुर्सी की व्यवस्था, गृह विज्ञान विभाग में बर्तन, एनसीसी कक्ष की रिपेयरिंग, आवश्यकता अनुसार कंप्यूटर प्रिंटर, अलमारी क्रय तथा कुछ स्थानों पर रिपेयरिंग के संबंध में चर्चा की गई, जिस पर सदस्यों ने अपनी बात रखी। महाविद्यालय के बालक छात्रावास के रिक्त स्थान पर औषधी पौधा रोपण और उनकी व्यवस्था पर चर्चा की गई। सदस्यों ने महाविद्यालय के दोनों छात्रावास में पानी की व्यवस्था हेतु चर्चा कर प्रस्ताव पास किया तथा महाविद्यालय के विकास में हर संभव सहयोग देने की बात की।

### स्पेशल एजुकेशन जागरूकता शिविर

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव ने तुतलाना, हकलाना, उच्चारण दोष तथा सुनने-बोलने में कठिनाई से जूझ रहे बच्चों के लिए एक निःशुल्क स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन जागरूकता एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो बच्चों के आत्मविश्वास और भविष्य दोनों को नई दिशा देगा। यह निःशुल्क जागरूकता एवं मार्गदर्शन शिविर 14 फरवरी को लायंस क्लब गुरुद्वारा के पास आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्पीच थैरेपी विशेषज्ञ रजनी राठी अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगी। वे बच्चों की समस्या का आंकलन कर उचित स्पीच थैरेपी के माध्यम से सुधार के उपाय बताएंगी। जिससे बच्चों में बोलने की झिझक कम हो और वे आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकें। शिविर का समय सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। उपरोक्त जानकारी लायंस क्लब ऑफ नांदगांव के अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने दी।

### खैरा से खैरागढ़ तक विशाल बाइक रैली से होगा महोत्सव का आगाज

**खैरागढ़।** श्री रूखखड़ स्वामी महोत्सव और महाशिवरात्रि पर्व का भव्य शुभारंभ मंगलवार 10 को विशाल बाइक रैली के साथ किया जाएगा। बाइक रैली 10 फरवरी को माँ नर्मदा मंदिर, खैरा-चकनार से प्रारंभ होकर बाबा श्री रूखखड़ स्वामी मंदिर पहुँचेगी। रैली में लगभग पांच सौ से अधिक बाइक सवारों के शामिल होने की संभावना है।

रैली की तैयारियों को लेकर गुरुवार को माँ नर्मदा मंदिर खैरा चकनार गंडई में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाइक रैली के अगुवा खम्हन ताम्रकार ने कहा कि भगवान भोलेनाथ व माँ नर्मदा के अनन्य भक्त बाबा श्री रूखखड़ स्वामी की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष पदयात्रा की परंपरा का विस्तार बाइक रैली के रूप में किया जा रहा है जो श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का संदेश देगी। हिंदू जन जागरण समिति अध्यक्ष प्रकाश जंघेल ने क्षेत्र के धर्म प्रेमियों और शिव भक्तों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक बाइक रैली में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सनातन संस्कृति, शिवभक्ति और सामाजिक समरसता को सशक्त करने का सशक्त माध्यम बनेगा। बैठक में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, रामा साहू, दूजे राम वर्मा, रमेश जंघेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व आयोजन समिति सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय संत असंग देव साहेब का दो दिवसीय सुखद सत्संग पिपरिया वार्ड में

■ संयोजक घम्मन साहू ने की उपस्थिति की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राष्ट्रीय संत असंग देव साहेब का दो दिवसीय सुखद सत्संग कार्यक्रम शनिवार 7 और रविवार 8 फरवरी को पिपरिया वार्ड में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक अधिवक्ता घम्मन साहू ने बताया कि दो दिनों तक दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक राष्ट्रीय संत असंग देव साहेब के मुखारविंद से ज्ञान वर्षा होगी।

सदगुरू कबीर पारख सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सत्संग कार्यक्रम मे राष्ट्रीय संत असंग देव, श्री थसंग देव तपोभूमि लखीमपुर खीरी उ प्र से अपनी टीम के साथ दिव्य सत्संग मे मौजूद रहेंगे। संयोजक घम्मन साहू ने बताया कि शनिवार 7 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक क्षेत्रीय संतों संत श्री सरे साहेब धर्माधिकारी नादिया मठ, संत श्री कुमार साहेब, संत श्री भूषण साहेब, संत श्री शीलशरण साहेब अयोध्या, संत श्री विजय साहेब, संत श्री कोमल साहेब द्वारा बीजक पाठ, भजन व प्रवचन दिया जाएगा। दोपहर 1 बजे तक परम पूज्य राष्ट्रीय संत श्री असंग देव का कार्यक्रम स्थल पर भक्तजन, गणमान्य नागरिक, सामाजिक बंधु व राजनीति से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा जोशीला स्वागत सत्कार किया जाएगा। स्वागत बाद शाम 5 बजे तक गुरुदेव का दिव्य सत्संग गंगा का प्रवाह जारी रहेगा। शाम 7 से रात्रि 9.30 बजे तक संध्या पाठ, भजन संध्या और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर संत श्री कुमार साहेब, संत श्री भूषण साहेब व संत श्री नंदन साहेब भी मौजूद रहेंगे। आयोजक सद्गुरु कबीर पारख सेवा संस्थान ट्रस्ट समिति ने धर्म प्रेमियों से दो दिवसीय सत्संग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### आध्यात्मिक गुरू है संत श्री असंग देव साहेब

संत श्री असंग देव साहेब देश के जाने माने एक प्रमुख भारतीय संत, कथावाचक और आध्यात्मिक गुरु हैं जो अपने सुखद खूबसूरत सत्संग के माध्यम से नशा मुक्ति और सामाजिक सुधार के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध हैं। गौरतलब है कि संत श्री असंग देव साहेब का जन्म 20 अक्टूबर 1966 को यूपी के सीतापुर में हुआ है और वे आस्था भजन टीवी चैनल पर प्रतिदिन प्रवचन देते हैं जहाँ उनके सत्संगों में प्रतिदिन हजारों अनुयायी नशा त्यागने की प्रेरणा लेते हैं। खास बात ये है कि उनकी आध्यात्मिक यात्रा 7 जुलाई 1989 को शुरू हुई थी जब उन्होंने संत जीवन में प्रवेश किया था और वो तपोभूमि विश्व कल्याण आश्रम लखीमपुर-खीरी यूपी से भी जुड़े हुए हैं और उनकी प्रवचन शैली और सत्संग बहुत ही सरल और व्यावहारिक होता हैं और वे अपनी कथाओं में नशाखोरी, दहेज प्रथा और पारिवारिक कलह को दूर करने का हमेशा संदेश भी देते है।

## पंचायतों में आज रोजगार दिवस

**सड़क अतरिया।** जिला प्रशासन के निर्देशन में कल शनिवार को ग्राम पंचायत सड़क अतरिया, चकनार, मानपुर, कुकुरमुडा, खैरबना, पंडरिया, संड़ी, भुरभुसी आदि में रोजगार दिवस मनाया जाएगा। रोजगार दिवस के साथ चावल महोत्सव, आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायत एवं मनरेगा कार्य स्थल में विकसित भारत-जी राम जी के प्रावधानों से अवगत कराए जाएगा। ग्राम पंचायतों में चस्पा क्यूं आर कोड की जानकारी दी जाएगी। आवास दिवस के दौरान ग्राम पंचायत में कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। पात्र हितग्राहियों की सूची का वाचन, नए स्वीकृत आवासों के प्रमाण पत्रों का वितरण तथा आवास निर्माण से जुड़ी तकनीकी व प्रशासनिक बाधाएं शामिल हैं।

ई-केवाईसी, लंबित भुगतान और 90 दिनों की अकुशल मजदूरी की राशि जैसे मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की सामग्री की कमी न हो, इसके लिए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से सामग्री बैंक की स्थापना की जाएगी, जहाँ सेंट्रिंग प्लेट, ईंट, रेत जैसी सामग्री उपलब्ध होगी।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए छात्र-छात्राएं



**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को छात्रों से रूबरू हुए। क्षेत्र के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में इस कार्यक्रम को दिखाने का प्रबंध किया गया था। आगामी बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए छात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। छात्रों को परीक्षा की तैयारी, भय सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी मिली। वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया के छात्रों ने कार्यक्रम का प्रसारण देखा। इस दौरान संचालक राजेश देवांगन, प्राचार्य रवि चंदन, लेखूराम श्रीवास, मनोज यादव, कैलाश पटेल, सुरेश साहू, सरगम गुप्ता, कार्तिक, नंदकिशोर साहू, रैमुन बंजारे, सत्यभामा साहू, वर्षा जंघेल, पायल तंबोली, पायल देवांगन रस्मिता उपस्थित थीं।

### मंगरलोटा में मंडई मेला 8 को

**राजनांदगांव।** ग्राम मगरलोटा में 8 फरवरी को मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी संस्कृति कार्यक्रम रंग लहर खल्लरी बालोद वालों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## राममानस महायज्ञ एवं रामकथा का समापन



**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर में 27 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीराम मानस महायज्ञ एवं रामकथा का आयोजन किया गया। हरिद्वार से आए संत चिन्मयानंद बापू ने श्रीराम कथा का वाचन किया जिसे सुनन हजारों की संख्या लोग पहुंचे। आयोजन समिति ने प्रतिदिन सुबह पोहा का वितरण और दोपहर में भोजन भंडारा का आयोजन किया। अंतिम दिन लगभग 15 हजार ने महाप्रसादी ग्रहण किया। श्रीराम मानस महायज्ञ में परिक्रमा करने एवं श्रीराम कथा श्रवण करने नगर एवं क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। आयोजन में विशेष भूमिका निभाने वाले नगर पंचायत के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने तन मन धन से सहयोग प्रदान करने वालों का आभार व्यक्त किया है। पूरे आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष छबिधर साहू, हुकुमचंद पटेल, प्रमोद अग्रवाल, राजेन्द्र तिवारी, शेखर तिवारी, अशोक साहू, नोबल साहू, दीपक अग्रवाल, राकेश सिन्हा, पन्नालाल साहू, घांसी साहू, मनसुख साहू, पवन यदु, चेतन साहू, लक्ष्मीनाथ रजक, सोहन साहू, उत्तमदास साहू सहित अन्य ने सहयोग दिया।

## क्षेत्र में अवैध लाल ईंट का कारोबार जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

घने वनों से घिरा छुईखदान विकासखंड लाल ईंट के अवैध कारोबार के शिकंजे में फँसते नजर आ रहा है। क्षेत्र में सैकड़ों अवैध ईंट भट्ठे धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन आँख बंद कर बैठा है। जानकारी के अनुसार छुईखदान के आसपास, गंडई सड़क से लेकर महाराटोला, भोरमपुर, घिरघोली, बाईकटोरी, नवागांव, बैरटोला, घोघरे, छिंदारी, कानीमेरा, सिलपट्टी,साखा, कोर्राय, हाठबंजा, विचारपुर, उदयपुर, अतरिया बाजार पर ईंट का अवैध निर्माण और विक्रय करने की चर्चा है। बड़ा सवाल यह है कि ईंट पकाने के लिए कहां से लकड़ी लाया जा रहा है। पूरा जंगल क्षेत्र भी ईंट भट्ठे से निकलने वाली आग से भभक रहा है। जंगलों के भीतर ईंट बनाकर सरकारी में बेचा जा रहा है।



### मिलीभगत या संरक्षण?

क्या वन विभाग की जानकारी के बिना जंगलों से लकड़ी काटी जा रही है? या फिर यह पूरा खेल राजनीतिक संरक्षण का नतीजा है? पिछले वर्ष हुई कार्रवाई में भी सेटिंग की बू अब तक महसूस की जा रही है। लाखों की लागत वाले ईंट भट्ठों पर की गई कार्रवाई का अब तक ठोस परिणाम सामने नहीं आया।

### सरकारी कामों में उपयोग

शासकीय निर्माण कार्यों में लाल ईंट के उपयोग पर प्रतिबंध है, इसके बावजूद छुईखदान क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे मकानों में लाल ईंटों का इस्तेमाल हो रहा है। हाल ही में लाल ईंट के भंडारण पर की गई कार्रवाई के बाद यह चर्चा है कि ईंट भट्ठा संचालक सत्ता के संरक्षण में काम कर रहे हैं जिसके चलते दिखावटी कार्रवाई कर बड़े और संगठित कारोबार को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### मानस सम्मेलन सात से

**चारभांठा।** ग्राम में सदाबहार नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन सात और आठ फरवरी को रखा गया है।

## चिचोला में श्रम कार्ड नवीनीकरण के नाम पर वसूली

**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्राम पंचायत चिचोला में श्रम विभाग के नाम पर लगाए गए कथित शिविर के माध्यम से ग्रामीणों से अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। श्रम कार्ड नवीनीकरण के नाम पर पंचायत भवन में शिविर आयोजित कर ग्रामीणों से 500 से 1000 रुपये तक की मांग की गई। मामले के उजागर होने के बाद पंचायत स्तर पर हड़कंप मच गया है, वहीं विभागीय लापरवाही भी सवालों के घेरे में है। जानकारी अनुसार बीती रात कोटवार के माध्यम से चिचोला में पहले मुनादी कराई गई कि श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड नवीनीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। मुनादी में यह बताया गया कि श्रमिक अपने पुराने श्रम कार्ड लेकर पंचायत भवन पहुंचे, जहां नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### जांच होगी

शिविर आयोजन को लेकर विभाग को कोई जानकारी नही है। किसने किया इसकी जांच कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी। - **उज्जवल भोई**
संपदा अधिकारी

फार्म हाउस जमीन बेचना हैं
नदी किनारे रिवर व्यू फार्म हाउस जमीन मुड़पार डामर रोड पर स्थित बेचना है।
- संपर्क करें -
Mo. 9243901653, 8770053130

## सार समाचार

### जय भवनी व्यायाम शाला के शशांक बने उपाध्यक्ष



**राजनांदगांव।** जय भवानी व्यायाम शाला की आवश्यक बैठक 5 फरवरी को आयोजित की गई। बैठक में जय भवनी व्यायाम शाला के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा व्यायाम शाला के वरिष्ठ सदस्य शशांक तिवारी को सर्वसम्मति से जय भवनी व्यायाम शाला का उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में आगामी होने वाले राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से संरक्षक अजय श्रीवास्तव, विवेक रंजन सोनी, अध्यक्ष अमित आजमानी, सह सचिव नीरज शुक्ला, अशोक श्रीवास, व्यवस्थापक दीपक ठाकुर, तामेश्वर बंजारे, मनीष तिवारी, अरूण गुप्ता, अंकुश आजमानी, भावेश रनसुरे आदि उपस्थित थे। व्यायाम शाला के उपाध्यक्ष बनने पर शशांक तिवारी को व्यायाम शाला के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा तिवारी का सम्मान किया गया। यह जानकारी व्यायाम शाला के सह-सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

### नारा लेखन में रूबी प्रथम व रुचिका द्वितीय



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एमए इतिहास के चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा रूबी ने प्रथम तथा एमए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा रुचिका रामटेके ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. शैलेंद्र सिंह, प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. तोमेंद्र साहू सहित विभाग के छात्र-छात्राओं ने इस उपलब्धि के लिए रूबी और रुचिका को बधाई दी।

### अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र 23 फरवरी से 20 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं सहित अन्य जानकारी समयावधि में छत्तीसगढ़ शासन, आयुक्त भू-अभिलेख एवं आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग को प्रेषित करने के लिए अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा का दूरभाष क्रमांक 07744-227627 एवं मोबाइल नंबर 7748851177 है।

### आज से डीपीएस स्कूल मैदान में फुटबाल स्पर्धा



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के मेजबानी में कल 7 से 9 फरवरी तक अंतरक्षेत्रीय विद्युत फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव के डीपीएस स्कूल मैदान में किया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में विद्युत कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारियों को क्रीड़ा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, प्रतिबद्धता एवं खेलभावना को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। विद्युत कंपनी के क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की ने बताया कि राज्य के विद्युत कंपनियों की 10 टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है। डीपीएस स्कूल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, मड़वा (जांजगीर चांपा), बिलासपुर क्षेत्र, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र, राजनांदगांव क्षेत्र, दुर्ग क्षेत्र एवं अम्बिकापुर क्षेत्र के टीमों के खिलाड़ी अपने खेल जौहर का प्रदर्शन करेंगे। सभी टीमों को दो ग्रुप में बांटकर लीग पद्धति से मैच खेले जाएंगे। सभी मैचों के लिए निर्णायक की भूमिका में जिला फुटबॉल संघ द्वारा नियुक्त रेफरी उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट के मुख्य आतिथ्य में होगा।

### 4 श्रमकोड के विरोध में 12 को देशव्यापी हड़ताल

**राजनांदगांव।** मजदूरों के हितों के लिए श्रम कानून बने हुए थे, उन कानूनों को केन्द्र सरकार द्वारा समाप्त कर कार्पोरेट उद्योगपतियों के हितों के लिए 4 श्रम कोड बनाया गया। ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926 को भी परिवर्तन किया गया। मजदूरों के लिए रोजगार गारंटी कानून 20 वर्ष पूर्व बना था। उसे बदलकर वीबी ग्राम जी कानून बनाया गया, उससे रोजगार की गारंटी नहीं होगी, उन कानूनों को निरस्त करने तथा पूर्व के कानूनों को यथावत रखने के लिए देश की सभी 10 राष्ट्रीये ट्रेड यूनियनों द्वारा 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में संयुक्त ट्रेड यूनियनों की बैठक 5 फरवरी को जिला कार्यालय के पास आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष कामरेड भीमराव बागडे, सीटू यूनियन छत्तीसगढ़ प्रभारी कामरेड गजेन्द्र झा, जिला किसान संघ प्रमुख सुदेश टीकम, एलआईसी संघ के प्रमुख लोग उपस्थित हुए थे। चर्चा में निर्णय लिया गया कि संबंधित यूनियनों द्वारा कारखानो, खदानों, आंगनबाड़ी, एफसीआई आदि सभी जगह काम बंद कर कलेक्टर कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे सुबह 10.30 बजे से संबंधित मजदूर किसान एकत्रित होंगे और सभा होगी।सभा के पश्चात रैली प्रारंभ होगी, जो शहर भ्रमण के पश्चात जयस्तंभ चौक में राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जाएगा। यह जानकारी मोर्चा के संगठन सचिव तुलसी देवदास ने दिया।

### गृह सज्जा सामान बनाने कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अनुपयोगी सामानों से उपयोगी गृह सज्जा के समान बनाने की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में नई दिल्ली से आए हस्तशिल्प कलाकार नरेश राय एवं रोहित राय ने छात्र-छात्राओं को घर में पड़े अनुपयोगी सामानों जैसे पुराने अखबार, कार्डबोर्ड, चार्ट पेपर एवं रंगीन कागज से तरह-तरह के गृह सज्जा के समान बनाने का प्रशिक्षण दिया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मीना प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार की कला पर्यावरणीय सुरक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि बिना प्रकृति को नुकसान पहुंचा, हम पुराने एवं अनुपयोगी सामानों से उपयोगी सामान बनाते हैं और हमारे कौशल कला का विकास भी होता है। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. नीलम तिवारी, रोहिणी समरथ सहित विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आराधना गोस्वामी ने किया। महाविद्यालय से रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## निधन



### सरोज शर्मा

**राजनांदगांव।** जूनीहटरी निवासी सुश्री सरोज शर्मा (77) का आज शाम निज निवास में निधन हो गया। दिवंगत सुश्री शर्मा का स्वास्थ्य विगत कुछ समय से ठीक नहीं चल रहा था। वे किशोर विश्वकर्मा, सनत विश्वकर्मा एवं वीणा शर्मा की बड़ी बहन थी। उनकी अंतिम यात्रा कल 7 फरवरी को प्रातः 11 बजे जूनीहटरी से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

---

वनांचल में पहुंचे 21 किसान

# दूसरे दिन नांदगांव में खरीदी शून्य केसीजी में सिर्फ एक ने बेचा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में दो दिनों के लिए शुरू की गई धान खरीदी का शुक्रवार को समापन हो गया है। दूसरे दिन राजनांदगांव में कोई भी किसान धान बेचने नहीं पहुंचा। वहीं केसीजी जिले में महज एक ही किसान उपार्जन केंद्र तक पहुंचा। वहीं वनांचल जिला मोहला-मानपुर-चौकी जिले में दूसरे दिन 21 किसानों से खरीदी की गई। वहीं दो दिन की खरीदी में तीन जिलों के 418 किसानों से खरीदी की गई।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में 15 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी की अवधि तय की गई थी, परन्तु अंतिम अवधि समाप्त होने के बाद कई जिलों से खरीदी अवधि बढ़ाने की मांग सामने आ रही थी। जिसको देखते हुए प्रदेश की साय सरकार ने दो दिनों के लिए धान खरीदी करने के निर्देश जारी किए थे। इसके तहत 5 और 6 फरवरी को खरीदी प्रक्रिया संचालित की गई। अविभाजित राजनांदगांव जिले में सीमित किसानों से ही खरीदी बाकी थी। ऐसे में दो दिन की वृद्धि का फायदा 418 किसानों ने ही उठाया। इधर धान खरीदी अब पूरी तरह से समाप्त होने के बाद उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।



#### नांदगांव-केसीजी में नहीं आए किसान

इधर शेष दो जिलों में भी दो दिन की खरीदी के लिए टोकन जारी किए गए थे। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में 795 किसानों से 32738 और केसीजी जिले में 329 किसानों से 12518 क्विंटल खरीदी के लिए टोकन जारी किए गए थे, लेकिन राजनांदगांव जिले में महज 59 किसानों से लगभग पांच हजार क्विंटल और केसीजी जिले में भी 59 किसानों से करीब साढ़े पांच हजार क्विंटल की धान खरीदी की गई है।

#### नहीं आ रहा भुगतान

ज्ञात हो कि धान बेचने पहुंचने वाले किसानों को खरीदी के बाद 48 घंटे के भीतर ही एमएसपी की रकम ट्रांसफर की जा रही थी, लेकिन कुछ किसानों से मिली जानकारी के अनुसार 19 जनवरी के बाद की गई धान खरीदी का भुगतान अब तक किसानों को नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि जिले में दो हजार करोड़ रुपए की धान खरीदी की गई है।

#### एमएमसी में टोकन से अधिक किसान ने बेचा धान

दो दिनों के लिए बढ़ाई गई धान खरीदी की अवधि के तहत संबंधित जिलों के प्रशासन द्वारा किसानों को टोकन जारी किए गए थे। मिले आंकड़े के अनुसार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दो दिनों के लिए 181 किसानों से 8207 क्विंटल खरीदी का टोकन जारी हुआ था, परन्तु दो दिन की खरीदी में यहां 300 किसानों से साढ़े 14 हजार क्विंटल से अधिक खरीदी की गई। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब टोकन ही 181 किसानों को जारी किए गए थे तो खरीदी 300 किसानों से कैसे हो गई?

---

## चौक-चौराहों में बैठे 6 मवेशी पकड़े



**राजनांदगांव।** नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में आज लखोली चौक, नंदई चौक, इंदिरा नगर चौक, गंज मंडी के सामने, फरहद चौक से घुमंतू 6 मवेशियों की धरपकड़ की गई। मवेशियों को रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने घुमंतू मवेशियों को पकड़ने टीम गठित की है। गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। आज की कार्रवाई में 6 घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है, जहां उन्हें पैरा-कुट्टी के साथ गंज मंडी से बचे फल-सब्जी का पौष्टिक आहार दिया जाता है एवं उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाता है। बीमार मवेशियों को ईलाज हेतु गौशाला पिंजरा पोल छोड़ते हैं। कांजी हाउस में रखे मवेशियों की नीलामी भी की जाती है।

---

# दवाई कंपनी में पैसा दोगुना करने का लालच देकर ठगी

**छुईखदान।** दवाई कंपनी में कम समय में पैसा दोगुना करने और दवाई सेलिंग कर 30 प्रतिशत कमिशन देने का लालच देकर ठगी करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रेखचंद जंघेल 28 साल बोरई से 17 मई 2021 से 13 जनवरी 2022 के मध्य आरोपी सुखविंदर सिंग कडियाला एवं हुलास कुमार साहू द्वारा दवाई कंपनी में कम समय में पैसा दोगुना करने और दवाई सेलिंग कर 30



प्रतिशत कमिशन देने का लालच देकर प्रार्थी से कुल 12 लाख 50 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट की गई, जिस पर 3 फरवरी को थाना छुईखदान में धारा 420, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

#### तकनीकी साक्ष्य पर पकड़े गए

प्रकरण के आरोपी सुखविंदर सिंग कडियाला 42 साल सेक्टर-7 भिलाई थाना भिलाई नगर एवं हुलास कुमार साहू 29 साल ग्राम बोरई थाना छुईखदान द्वारा प्रार्थी से ठगी कर फरार थे। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु केसीजी पुलिस टीम द्वारा लगातार 30 घंटे के अथक प्रयास से आरोपियों को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किए। आरोपी सुखविंदर सिंग कडियाला एवं हुलास कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी हुलास कुमार साहू को अभिरक्षा में लेकर विधिवत कार्रवाई कर अन्य आरोपी सुखविंदर सिंग कडियाला को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी सुखविंदर सिंग कडियाला को न्यायिक रिमांड पर उपजेल सलोनी भेजा गया।

---

कलेक्टर ने की ऑनलाइन आवेदनों की समीक्षा

# धान खरीदी के बाद अब राजस्व पर जोर एक दिन में ही डेढ़ सौ आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी के दौरान अवैध धान को रोकने ताबड़तोड़ कार्रवाई करने के बाद अब कलेक्टर जितेंद्र यादव ने राजस्व प्रकरणों के निपटारे के लिए एक्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने एक दिन में ही ऑनलाइन माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आवेदनों की सुनवाई और समीक्षा करते लंबित राजस्व प्रकरणों पर एक दिन में ही 150 आदेश जारी किए।

कलेक्टर जितेंद्र यादव द्वारा आज लंबित राजस्व प्रकरणों के निपटारे के लिए ऑनलाइन माध्यम से जिले के विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उनके द्वारा अंतिम आदेश हेतु लंबित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली गई, जिस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में सुनवाई पूर्ण हो चुकी है, उनमें शीघ्र अंतिम आदेश पारित किए जाएं तथा सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



#### विभिन्न मामलों की समीक्षा

जिले के लंबित विभिन्न राजस्व न्यायालय ने लंबित अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन एवं विवादित नामांतरण, सीमांकन, व्यपवर्तन, त्रुटि सुधार, स्वामित्व योजना एवं मौसम रबी डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा की गई एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए।

**लापरवाही स्वीकार नहीं :** कलेक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निपटारे से आम नागरिकों को समय पर न्याय एवं राहत मिलती है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। आदेश के लंबित समस्त प्रकरणों में नियत तिथि में आदेश पारित किए जाने के निर्देश दिए गए।

#### कलेक्टर के आदेश बाद त्वरित हुई कार्रवाई

निर्देशों के पश्चात समीक्षा के एक दिवस के भीतर ही राजस्व अधिकारियों द्वारा 150 प्रकरणों में अंतिम आदेश पारित किए गए। राजस्व अनुविभाग राजनांदगांव अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वारा कुल 99 प्रकरणों में आदेश पारित किए। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग डोंगरगांव अंतर्गत कुल 28 प्रकरणों में आदेश पारित किए गए। डोंगरगढ़ अंतर्गत 23 प्रकरणों में आदेश पारित किया गया। जिससे त्वरित निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हुई।

---

# प्रसूता की मौत का मामला, हटाए गए जिला अस्पताल के सीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कंचनबाग निवासी एक प्रसूता महिला के इलाज में लापरवाही के चलते उसकी मौत के मामले में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन पर लापरवाही की गाज गिरी है।

प्रसूता महिला की मौत के बाद परिजनों की शिकायत पर जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया और जिला अस्पताल के सिविल सर्जन यूएस चंद्रवंशी को पदभार मुक्त कर दिया। उनके स्थान पर अब सीनियर रेसिडेंट मेडिकल आफिस डॉ. महेन्द्र प्रसाद को सिविल सर्जन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंची शहर के कंचनबाग अटल आवास निवासी 27 वर्षीय करूणा बांसफोड़ की मृत्यु हो गई थी। परिजनों ने कहा था कि महिला का पहला बच्चा सीजर से हुआ था, दूसरा बच्चा भी सीजर से हो इसकी सहमति परिवार के लोगों ने दी थी, लेकिन समय रहते चिकित्सकों ने ऑपरेशन नहीं किया और लापरवाही बरती, इसके बाद करूणा की 1 फरवरी को नार्मल डिलीवरी कराई गई और उसकी हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों के पूछने पर भी सब कुछ ठीक है, कहा गया और फिर आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसे रेफर कर दिया गया, रात 12.15 बजे प्रसूता की मौत हो गई। वहीं नवजात बच्ची को भी गंभीर स्थिति में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**कलेक्टर ने जारी किया आदेश-** महिला की मौत के इस मामले में चिकित्सकों की लापरवाही दिखाई दे रही थी। मृतिका के परिजनों ने इस मामले में कलेक्टर से जांच व कार्रवाई की मांग की थी। जिसको लेकर जिम्मेदारी तय करते कलेक्टर जितेंद्र यादव ने जारी आदेश में सिविल सर्जन को उनके पद से हटा दिया है।

---

# स्कूली छात्र पर ब्लेड से हमला

- शहर के महावीर चौक के समीप का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आपसी विवाद पर दिन दहाड़े शहर के महावीर चौक के समीप एक स्कूली छात्र पर नाबालिग ने ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे छात्र के पीठ में चोंट आई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक छात्र स्कूल से घर जा रहा था। जिससे दूसरे स्कूल के छात्र से किसी बात पर विवाद हो गया, जिस पर आक्रोशित होकर एक नाबालिग ने दूसरे नाबालिक के पीठ पर ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे छात्र के पीठ पर चोंट आई है। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को हुई आसपास सनसनी फैल गई थी। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

---

# मांदर नृत्य दल की होगी मनमोहक प्रस्तुति

- गोंड़वाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संभाग स्तरीय गोंड़ समाज महासभा मोहला से संबद्ध आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लॉक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के तत्वावधान में कल 7 फरवरी को प्रथम दिवस का कार्यक्रम सुबह 10 से रात्रि 10 बजे तक एवं 8 फरवरी को द्वितीय दिवस का कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 5 बजे तक दो दिवसीय कोयतुर गोंड़वाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक, शैक्षणिक, संवैधानिक कार्यशाला एवं युवक-युवती परिचय का भव्य आयोजन डोंगरगढ़ विकासखंड के महाराष्ट्र सीमांचल में स्थित कोयतुर गोंड़ बाहुल्य ग्राम बैगाटोला (बोरतलाव) में किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू एवं अध्यक्षता समाज के ब्लॉक प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर करेंगे। विषय विशेषज्ञ के रूप में राजकुमार पुराम, अश्वनी कांगे, विष्णु पद्दा, जगत मरकाम, नरेन्द्र नेताम, ललित नरेटी, तुकाराम कोर्राम, गोविंद शाह टेकाम, चंद्रेश ठाकुर एवं हिरेसिंह घावड़े उपस्थित रहकर विषय आधारित व्याख्यान देंगे।

विशेष अतिथि के रूप में प्रशांत कोड़ापे, भावेश सिंह, जसवंत घावड़े, मोहन सिंह हिड़को, सुरेश दुग्गा, जगतराम सलामे, नरेन्द्र नेताम, हिरेसिंह घावड़े, चंद्रेश ठाकुर, श्याम सिंह कौड़ो, बिमला कोरेटी, हेमदास मंडावी, बाबूराव हिड़को, नितराम पुराम, तुलसी मरकाम, देवप्रसाद कड़ियाम, ओमप्रकाश कोड़ापे, धरमू किरंगे, अनिल दुग्गा, गोविंद टेकाम, छबिलाल वट्टी, राधेलाल कुंजाम, इतवारी कड़ियाम, अजित कचलाम, आत्माराम कौड़ो, सुखूराम वट्टी, पदुमसिंग तोप्पा, मनीराम कटेंगा, सतरूपा नुरूटी, सरिता मंडावी, सुनीता दुग्गा, गणेशिया उसेंडी, भुमेश्वरी सलामे, ललेश्वरी घावड़े, अनुसूईया आचले, संतराम सलामे, कन्हैया कोले, दिलीप कोरेटी, रहिपाल कल्लो, रामसुख सलामे, गिरधारी गोटे, भागवत पुराम, रामाधार कोड़ापे, सियाराम कुंजाम एवं अंगद सलामे होंगे। बूचाटोला एवं भालूकोना के रेला-हुल्की दल, आंको, मरकाकसा, जोब, पंडरापानी, तरियाटोला कटेंगा एवं बड़ेटोला कटेंगा के रिलो मांदर नृत्य दल की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। सांस्कृतिक मंत्री एवं युवा प्रभाग के संचालक भुनेश्वर नेताम के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में युवा-युवतियों की टीम द्वारा कोयतुर गोटुल का निर्माण किया गया है, जहां अतिथियों को गोर्रा जावा पिलायी जाएगी। कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षणिक, संवैधानिक कार्यशाला व युवक-युवती परिचय सम्मेलन का होगा भव्य आयोजन भी किया जाएगा।

---

# भैंसाकोठा व्यावसायिक परिसर की 10 दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम राजस्व वसूली में कडाई बरतते दुकानों की बकाया प्रीमियम तथा दुकान किराया पर संबंधित को नोटिस जारी कर सीलबंदी की कार्रवाई कर रही है। इसी प्रकार सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर के बड़े बकायेदारों को भी नोटिस जारी कर भुगतान नहीं करने की स्थिति में नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। आज भैंसा कोठा व्यवसायिक परिसर की 10 दुकानें रिक्त नहीं करने पर सील करने की कार्रवाई की गई।

वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए नगर निगम द्वारा जोर दिया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की



प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे हैं और शत-प्रतिशत वसूली के लिए बकायेदारों को नोटिस जारी कर कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। निर्देश के अनुक्रम में राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में निगम का अमला बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी कर बकाया करों का भुगतान नहीं करने

#### बकायेदारों में खलबली

कल हाईटेक बस स्टैंड जेल रोड की दुकानों में भी प्रीमियम राशि जमा नहीं करने पर ताला लगाया गया था।राजस्व वसूली के संबंध में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि शासन लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत राजस्व वसूली किया जाना है। वसूली के लिए करदाताओं को करों का भुगतान करने अपील की जा रही है। बड़े बकायेदारों को नोटिस दिया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी, राजस्व निरीक्षक हितेश ठाकुर, राजस्व उप निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे एवं राजस्व अमला उपस्थित था।

#### कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

आज की कार्रवाई में भैंसा कोठा व्यवसायिक परिसर में निर्मित 17 दुकानों में से 10 दुकान की विधिवत नीलामी की गई थी। नीलामी उपरांत सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति हेतु शासन को भेजा गया। शासन द्वारा कलेक्टर को अधिकृत करने पर कलेक्टर को प्रस्ताव प्रेषित की गई। लंबी अवधि को देखते हुए कलेक्टर द्वारा निरस्त किया गया था। निरस्ती उपरांत दुकानदारों को नोटिस जारी की गई। बार-बार नोटिस उपरांत भी दुकान रिक्त नहीं की गई, जिस पर आज कार्रवाई करते निगम का अमला उक्त 10 दुकानों में सीलबंदी की कार्रवाई की गई। 3 दुकानों में अवैध कब्जा भी किया गया था।



## खबर संक्षेप



### कुण्डा में सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ आज से

**हरिभूमि** कुण्डा। ग्राम कुण्डा में सात दिवसीय 7 से 13 फरवरी तक आध्यात्मिक चेतना, श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। वहीं सात दिवसीय श्रीराम कथा के आयोजन से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। 7 से 13 फरवरी तक श्रीराम कथा सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में थाना के सामने स्थित श्री यज्ञ स्थल पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें भक्तजनों व श्रद्धालुओं को प्रतिदिन दोपहर 01 से शाम 07 बजे तक श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा। जिसमें कथा वाचन में जगतगुरु उपाधि से अलंकृत पूज्य ब्रह्मदेवाचार्य काशी-बनारस द्वारा 7 से 13 फरवरी तक, पं. प्रकाश चंद्र पाण्डेय जौनपुर उत्तरप्रदेश द्वारा 8 से 13 फरवरी, साध्वी डॉ. नीलम गायत्री मानस मणि, राष्ट्रीय प्रवक्ता जानकी कुंड चित्रकूट, सतना मध्यप्रदेश तथा पं. राजेंद्र प्रसाद शर्मा (मानस भूषण, छत्तीसगढ़ भाषा कथाकार, भैंसों जांजगीर-चांपा) 7 से 11 फरवरी तक कथा का वाचन करेंगे। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, कुलदीप कौर छाबड़ा, हरदीप सिंह सलूजा, प्रभात फेरी कुण्डा, दुःख निवारण गुरुद्वारा कुण्डा, ग्राम पंचायत कुण्डा सहित समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। आयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीराम कथा का श्रवण लाभ लेने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### अध्ययन केन्द्र परिवर्तन के बारे में सूचना जारी की

**हरिभूमि कवर्धा।** पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विश्वविद्यालय ने अध्ययन केन्द्र परिवर्तन के संबंध में सूचना जारी कर दी है। इसमें वे विद्यार्थी शामिल है, जो अध्ययन केन्द्र परिवर्तन कराएं है। यह सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

ईकोर्ट क्र. ........ ब-121 वर्ष 2025-26

ग्राम- पिपरिया प.ह.नं. 06

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण शर्मा पिता पदुम शर्मा निवासी ग्राम नगर पंचायत पिपरिया तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा अपनी दादी माँ रूखमणी देवी शर्मा पति रामशरण शर्मा के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज आवेदन पत्र, अप्राप्यता प्रमाण पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र का अवलोकन किया गया जिसमें आवेदक के दादी माँ रूखमणी देवी शर्मा के मृत्यु तिथि 15/05/2014 में नगर पंचायत पिपरिया में होना लेख किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 13/02/2026

मुहर

तहसीलदार
पिपरिया

## धर्मनगरी में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन

# शहर में गूंजा बुद्धं शरणं गच्छामि

## बौद्ध सम्मेलन में उमड़े देश विदेश के श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रज्ञागिरि में 33 वां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मलेन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश विदेश के उपासक उपासिकाओं सहित बौद्ध धर्म गुरू शामिल हुए। प्रसिद्ध प्रज्ञागिरि में जय भीम तथा भगवान बुद्ध का जयकारा गूंजते रहा। धम्म सेना नायक आर्य नागार्जुन, सुरई ससाई के मार्गदर्शन में कालकापारा स्थित बौद्ध विहार से विशाल रैली निकाली गई जो मुख्य मार्ग से छिरपानी, संजय नगर मार्ग पर स्थित गौतम बुद्ध और बाबा साहेब की प्रतिमा माल्यार्पण करते हुए प्रज्ञागिरि पहुंची।

### विभिन्न भाषाओं में बुद्ध वंदना

प्रज्ञागिरि में विराजित बौद्ध प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन परित्राण पाठ और बौद्ध वंदना की गई। उक्त प्रक्रिया जपानी भाषा में में भी हुई। पूजा अर्चना के बाद सभा आयोजित हुई। सभा में देश विदेश से आए लगभग 1 दर्जन भदंत, भंतो, समाजिक राजनितिक जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में समाजिक समरसता, तथागत बुद्ध के उदेश्य और सामाजिक बदलाव के लिए डा अंबेडकर द्वारा किए गए प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। शांति के मसीहा के समक्ष नगार्जन सरई ससाई ने पंचशील पाठ किया।



### सरकार के प्रयास की सराहना

प्रज्ञागिरि ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने पिछले 33 साल में हुए विकास एवं आने वाले लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए उपासना केन्द्र, सड़क एवं परिक्रमा पथ की जानकारी दी। उन्होंने प्रज्ञागिरि को एक अलग पहचान देने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के प्रयास की सराहना की।



### सामाजिक एकता और शिक्षा पर जोर

सभा में अतिथियों ने समजिक एकता और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दिलीप वासनीकर, सुनील रामटेके, रमन डोंगरे, सुनील रामटेके, मधुकर जाम्बुलकर, भोजराम गौखेडे, प्रवीण मुख्यभौरे, अनिल खोब्रागढे, सुरेश सहारे, अनिल खोब्रागढे, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, विजेन्द्र ठाकुर, हर्ष भारती, संतोष भिमटे, शैलेष बडगे, अनिल साखरे, अनिल मेश्राम, मुन्नालाल नंदेश्वर, धीरज मेश्राम, शैलेन्द्र डोंगरे, सुनील नागदौने, सुरेश सहारे, श्रीनिवास राव, प्रमोद टेम्भुर्णीकर, अनिकेत मेश्राम, करूणा डोंगरे, मयंक डोंगरे, अयश खांडेकर, संतोष लांजेवार, धन्नालाल गणवीर, संतोष, दीप रामटेके, सुबोध खोब्रागढे, अमन जनबंधु सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएं उपस्थित थे।

### भिक्षु एवं विदेशी अतिथि भी आए

कार्यक्रम में शोमिन ओकाजाकी, सुंदाई होंडा, क्युओं काँडो, शूंची जुगे, योसुके कावासाकी, कोकुम्पो अगाता, साइजई अगाता कोसुन ताकियामा, मियुकी कोमोरी, मिका नागासाकी, गा नागासाकी, शौढाई वाताना, रपूपो शिमिन्जु, पासुहरु पासाकी, नाओमी शासकी, हीमैन कांग स्यूशी ताकाणी, स्काई साएकी, भदंत नागानंद, भदंत नागसेन, भदंत डॉ. संघ घोष, भदंत आनंद, भदंत प्रकाश, भदंत महानामा, भदंत प्रज्ञाशील, भदंत प्रज्ञा बोधी, भदंत नागरत्न, भदंत आनंद बोधी, भदंत रेयूकेई मेघकी, भदंत कुमार कश्यप शामिल हुए। इस दौरान धम्म सेना नायक आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई, बरितामा नागासाकी, बेन. फ्रा फत्तराफोन टिपाटाइसॉन्ग, येन धमरोंगसिल्पा पोचिसॉन्ग, वेन जेड्राफत श्री बुनमासकुल, चौन सुरच, तामपान, पीरापोन चांधेप, कोविदा सिहा, पॅगकोटके, ओभदंत नागरल सहित अन्य की उपस्थिति रही। स्वागत भाषण में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे को धन्यवाद दिया। उन्होंने विपश्यना केन्द्र के साथ अनुयायियों के लिए सुविधाजनक कमरे निर्माण की मांग की।

# लक्ष्मी पटेल का चयन सीआईएसएफ कांस्टेबल में ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रणवीरपुर

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड अंतर्गत रणवीरपुर निवासी लक्ष्मी पटेल ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर एसएससी जीडी परीक्षा में चयनित होकर सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) कांस्टेबल बनकर क्षेत्र का नाम रौशन किया।



साधारण परिवार से निकलकर असाधारण सफलता हासिल करने वाली लक्ष्मी पटेल के पिता गिरधर पटेल रोजी-मजदूरी कर अपनी परिवार की भरण पोषण करते थें। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होने प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 10वीं से 12वीं तक वर्ष 2019–21 तक गांव से ही पूर्ण की, तत्पश्चात उन्होंने गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा से स्नातक की पढ़ाई पूरी की जो वर्ष 2024 में पूर्ण हुई। स्नातक के द्वितीय वर्ष से ही लक्ष्मी ने एसएससी जीडी की तैयारी शुरू कर दी थी जिसमें प्रथम प्रयास में असफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और वर्ष 2024 की दूसरी परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए सीआईएसएफ कांस्टेबल पद पर चयनित हुई। यहां बताना लाजिमी होगा कि लक्ष्मी पटेल ने बिना किसी कोचिंग सेंटर के केवल ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई की और फिजिकल की पूरी तैयारी गांव में रहकर ही की। उन्होने 11 माह की ट्रेनिंग आरसी-आरटीसी थाकोलम (तमिलनाडु) में पूर्ण हुई। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन), दिल्ली में सुरक्षा बल के रूप में है। ट्रेनिंग और एक माह की ड्यूटी के बाद जब लक्ष्मी पहली बार गांव लौटीं तो ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियें ने गाजे बाजे व फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। जिस पर लक्ष्मी ने अपनी सफलता पर कहा कि मेरी इस उपलब्धि के पीछे मेरे माता-पिता, मेरे चाचा राजू पटेल तथा मेरे सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान और मार्गदर्शन रहा है। उनके आशीर्वाद और सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। लक्ष्मी पटेल की यह सफलता न केवल रणवीरपुर बल्कि पूरे क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है, यह साबित करती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य के प्रति सच्ची मेहनत सफलता दिलाती है।

# गुरुकुल के विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा में लिया हर्षोल्लास के साथ हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 8वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी शिक्षक की भूमिका में दिखे। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा के विषय में जरूरी परामर्श दिया। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉ विजय कुमार शाही ने बतलाया कि इस ऑनलाइन कार्यक्रम में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के विभिन्न शंकाओं का प्रधानमंत्री ने सटीक समाधान किया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन, तनाव से मुक्ति, लक्ष्य निर्धारण एवं उसकी प्राप्ति के लिए जरूरी प्रयास पर विशेष बल दिया। उन्होंने पालकों एवं अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वह विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं क्षमता के अनुसार उनका सहयोग करें। उन्होंने पाठ्यक्रम को सटीक भाव से समझकर उसे रटने की बजाय समझाने पर बल दिया। उन्होंने परीक्षा से संबंधित जटिल प्रश्नों का उत्तर सरल उदाहरण के द्वारा स्पष्ट किया। उन्होंने प्रधानमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से आत्मीय भाव से वार्तालाप किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गुरुकुल ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने बच्चों से कहा कि प्रधानमंत्री के परामर्श को सभी सावधानी पूर्वक सुने और उसे अपने व्यवहार में अमल करें। शाला के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने आशा व्यक्त की कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के द्वारा शाला के विद्यार्थियों अवश्य लाभान्वित होंगे।

# श्रीमद्भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम भगतपुर में श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्व. कुवारू चंद्रवंशी स्व. श्रीमती गोदावरी चंद्रवंशी के वार्षिक श्राद्ध पर संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 3 से 11 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पं. कथा व्यास आचार्य मेघानंद शास्त्री, ग्राम आचार्य पं. विकास शर्मा, श्रीमद्भागवत पुराणकर्ता पं. राघव तिवारी, श्रीदेवी भागवत पाठकर्ता शेषनारायण तिवारी व मुख्य यजमान श्रीमती अमोला कोमल चंद्रवंशी, श्रीमती संगीता कमोद चंद्रवंशी, श्रीमती मंजू प्रमोद चंद्रवंशी विराजमान है। जिसमें पं. मेघानंद शास्त्री द्वारा बताया भगवान श्री विष्णु व भक्त प्रहलाद की कथा में भक्तजनों को कथा में बताया कि बहुत पहले की बात है, राक्षसों का एक राजा था हिरण्यकश्यप, हिरण्यकश्यप ने कड़ी तपस्या करके भगवान श्री ब्रह्मा से वरदान पाया था कि ना ही कोई इंसान उसे मार सके, ना कोई जानवर, किसी भी हथियार से उसकी मृत्यु ना हो, ना वो दिन में मरे ना रात में, ना धरती पर ना आकाश में, ना घर के अंदर ना घर के बाहर वहीं वरदान पाकर हिरण्यकश्यप को अपनी ताकत का बहुत घमंड था। वह खुद को ही भगवान मानता था और अपनी प्रजा को उसकी पूजा करने के लिए कहता था। हिरण्यकश्यप का एक पुत्र था प्रहलाद वह भगवान श्री विष्णु का एक सच्चा भक्त था। उसने अपने पिता को भगवान मानने से मना कर दिया। उसके लिए केवल एक ही भगवान थे, भगवान श्री विष्णु। बताया जाता है कि श्रीविष्णु पुराण की एक कथा के अनुसार जिस समय असुर संस्कृति शक्तिशाली हो रही थी, उस समय असुर कुल में एक अद्भुत, प्रहलाद नामक बालक का जन्म हुआ था। उसका पिता, असुर राज हिरण्यकश्यप तथा मां कयाधु वह हिरण्यकश्यप और कयाधु के चार पुत्रों में सबसे बड़ा था, देवताओं से वरदान प्राप्त कर के निरंकुश हो गया था। उसका आदेश था, कि उसके राज्य में कोई विष्णु की पूजा नही करेगा। परंतु भक्त प्रहलाद श्री विष्णु भक्त था और ईश्वर में उसकी अटूट आस्था थी। इस पर क्रोधित होकर हिरण्यकश्यप ने उसे मृत्यु दंड दिया। हिरण्यकश्यप की बहन होलिका जिस को आग से न मरने का वर था, जिस पर प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठ गई, परंतु ईश्वर की कृपा से प्रहलाद को कुछ न हुआ और वह स्वयं भस्म हो गई। इस दिन को होलिका दहन के नाम से मनाया जाता है। अगले दिन भगवान श्री विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का पेट चीरकर उसे मार डाला और सृष्टि को उसके अत्याचारों से मुक्ति प्रदान की। इस ही अवसर को याद कर होली मनाई जाती है। इस प्रकार प्रहलाद की कहानी होली के पर्व से जुड़ी हुई है।

### अग्निवीर भर्ती ऑनलाइन पंजीयन 1 अप्रैल तक करें

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय थल सेना ने राज्य के अविवाहित पात्र अभ्यर्थियों से अग्निवीर सैनिक के विभिन्न पद पर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीय व आवेदन मंगाए है। पात्र उम्मीदवार 1 अप्रैल तक थल सेना की वेबसाइट से ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन कर सकते है।

### पोलमी में छात्र-छात्राओं ने सुनी परीक्षा पे चर्चा, पीएम मोदी ने दिए सफलता के मंत्र



**हरिभूमि कुई कुकदुर।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। स्कूल परिषर में मोबाइल और साउंड बॉक्स के माध्यम से कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं के समस्त छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री का संबोधन सुनाया गया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बच्चों ने बड़े ही ध्यान से प्रधानमंत्री की बातों को सुना और भविष्य की परीक्षाओं के लिए नई ऊर्जा प्राप्त की। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, संकुल समन्वयक अशोक पाण्डेय एवं शिक्षक गण राकेश सोनी, महेश उइके, द्वारिका चंद्रवंशी व पुनमचंद्र ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थें। शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलने और एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

# पोंड़ी सेजेस में परीक्षा पर चर्चा का नवां संस्करण पर पीएम मोदी को बच्चों ने सुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

सोमवार को शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का नवमी संस्करण विद्यालय परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष वेद साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जयराम साहू, ग्राम पंचायत पोंड़ी के सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, संस्था के प्राचार्य संजय कुमार गुप्ता, रामफल चंद्रवंशी सहित हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा लगभग 1050 छात्र-छात्राओं ने प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। कार्यक्रम में पालक सुभाष वर्मा एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रवि निषाद व विजय साहू भी उपस्थित थें। विद्यालय परिसर में चार अलग-अलग स्थानों पर प्रोजेक्टर एवं टीवी स्क्रीन की व्यवस्था कर विद्यार्थियों को कार्यक्रम दिखाया गया। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए प्रेरणादायी संदेशों को बच्चों ने पूरी लगन, शांतिपूर्वक एवं उत्साह के साथ सुना, कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साहित एवं आनंदित नजर आए। कार्यक्रम उपरांत अतिथियों के साथ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सामूहिक फोटो भी खिंचवाया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा तनावमुक्त वातावरण में पढ़ाई के लिए प्रेरित करना रहा।



## श्रीरूद्र महायज्ञ में भक्तजनों की कथा सुनने उमड़ रही भीड़

# शिव ही सृष्टि के रचयिता पालनकर्ता सहारक है जो अहंकार से मुक्त और प्रेम भक्ति और त्याग के प्रतीक है



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रवचनकर्ता पंडित सागर मिश्रा (पांडातराई) द्वारा शिव कथा का अत्यंत सरल, मधुर एवं भावपूर्ण शैली में वर्णन किया गया।

पंडित श्री मिश्रा ने शिव की चौपाइयों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा, उनके रूद्र स्वरूप तथा जीवन में शिव तत्व के महत्व को विस्तार से समझाया। शिव कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कथा में बताया गया कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से शिव कथा का श्रवण करता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्री रुद्र महायज्ञ भगवान शिव के रूद्र रूप को प्रसन्न करने हेतु किया जाने वाला एक पवित्र एवं शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है, जो सुख-शांति, समृद्धि, मानसिक शांति, रोगों से मुक्ति एवं जीवन के संकटों के निवारण के लिए आयोजित किया जाता है।

इस महायज्ञ से पापों का नाश, पारिवारिक सौहार्द, कालसर्प दोष से मुक्ति, अकाल मृत्यु के भय से रक्षा तथा आध्यात्मिक उन्नति होती है। आयोजन के चलते ग्राम में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शिव कथा में भाग लेने के लिए ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में कथा पंडाल पहुंच रहे हैं और पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कमेंटेटर नितेश टी20 वर्ल्ड कप करेंगे कवर



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के ख्यात क्रिकेट कमेंटेटर एवं खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा आज 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के उद्घाटन मैच को कवर करेंगे। यह मैच भारत और अमेरिका के बीच आज शाम 6 बजे से आरंभ होगा। मैच से पूर्व अंतरराष्ट्रीय पॉप सिंगर बादशाह, नोरा फतेही, ऋषभ शर्मा और शिवामणि अपना रंगारंग कार्यक्रम पेश करेंगे। ज्ञात हो कि नितेश इसके पूर्व 2023 में अहमदाबाद में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच कवर कर चुके हैं। कवरेज के दौरान उन्होंने देश विदेश के अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात भी की है। इसके अलावा 2024 में रायपुर में खेले गए छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग, राजनांदगांव में रानी सूर्यमुखी देवी क्रिकेट स्पर्धा सहित कवर्धा प्रीमियर लीग व भोरमदेव प्रीमियर लीग में कमेंट्री कर चुके हैं। इन स्पर्धाओं में उनकी कमेंट्री को पर्याप्त सराहना मिली है। आकाशवाणी व दूरदर्शन रायपुर से उनकी कई खेल समीक्षाएं व साक्षात्कार भी प्रसारित हो चुके हैं। नितेश की इस उपलब्धि पर मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### प्रत्येक परिवार को मिलेगा 125 दिनों का रोजगार

**कवर्धा।** प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार, प्रति सप्ताह मजदूरी भुगतान, पारदर्शिता और जवाब देही के लिए बायोमेट्रिक एवं ऑनलाइन अटेंडेंस, ग्रामीणों द्वारा अपने गांव के लिए कार्यों की पहचान सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अधोसंरचना विकास और आजीविका संवर्धन जैसे प्रमुख बदलाव के विषय में ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण की जानकारियां दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2026 से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण महात्मा गांधी नरेगा योजना के स्थान पर परस्थापित होगा। नये योजना में ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए बहुत से उपबंध किये गए हैं जो ग्रामीण भारत का समग्र विकास कर विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करेगा। ग्रामीणों को नई योजना से जोड़ने के लिए लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है सभी छोटे-बड़े अवसरों पर योजना की जानकारी ग्रामीण तक पहुंचाई जा रही है। कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्य स्थल पर, गांव में रैली, दीवार लेखन, समूह चर्चा, गीत आदि के माध्यम से नए योजना का प्रचार हो रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं सीईओ जिला पंचायत विनय कुमार पोयाम द्वारा गत दिवस विकासखंड बोड़ला में संपूर्णता अभियान के दौरान उपस्थित नागरिकों को विकसित भारत जी राम जी योजना के फायदे बताएं।

### अब भी महसूस की जा रही हल्की ठंड

**कवर्धा।** भले ही बसंत ऋतु प्रारंभ हो चुकी है लेकिन कवर्धा सहित अंचल में ठंड का असर अबभी बाकी है। हालांकि अब ठंड का असर सिर्फ सूर्योदय के पूर्व और देररात में ही महसूस किया जा रहा है।

**कार्रवाई : शिकायत के आधार पर गिरोह का एक और आरोपी गिरफ्तार**

# सरकारी नौकरी दिलाने 12 लाख से ज्यादा की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना बोड़ला अंतर्गत पुलिस चौकी पोंडी की टीम ने कार्रवाई करते हुए ठगी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अनुसार, सुरजपुरा निवासी रूपेश जायसवाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने उसके भांजे कृष्णा कुमार जायसवाल को शासकीय नौकरी दिलाने का लालच देकर 26 सितंबर 2023 से 25 फरवरी 2024 के बीच कुल 12 लाख 62 हजार रुपये की ठगी की। शिकायत के आधार पर थाना बोड़ला में आरोपियों के खिलाफ धारा 420 और 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी भागीरथी साहू को पहले ही उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल चुकी है, जबकि अन्य आरोपी हरिषंकर गजभिये और डोमार चंदेल घटना के बाद से फरार चल रहे हैं। फरार आरोपियों की संपत्ति की जानकारी जुटाव उनके विरुद्ध अलग से चालान प्रस्तुत किय गया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने अरसिया थाना जैजैपुर जिला शक्ति निवासी उमेश चंद्रा आयु 30 वर्ष को हिरासत में लिया।



### पुलिसिया पूछताछ में आरोपी ने किया खुलासा

पूछताछ में आरोपी ने नौकरी दिलाने के नाम पर अंकसूची सहित अन्य मूल दस्तावेज लेने और 5 लाख रुपये नगद लेने की बात स्वीकार की। आरोपी के कब्जे से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए हैं। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साहू, सहायक उप निरीक्षक बलदाऊ साहू, प्रधान आरक्षक खूबी साहू एवं आरक्षक राहुल कश्यप की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नौकरी दिलाने के नाम पर किसी भी प्रकार के प्रलोभन या आर्थिक लेन-देन से बचें और संदेहास्पद गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## नेत्र रोगों की समय पर पहचान और गुणवत्तापूर्ण उपचार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कबीरधाम के मार्गदर्शन में नेत्र वसंत रूरल आई हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत नेत्र चिकित्सा अधिकारियों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल विषय पर एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला अस्पताल के सभागृह में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जन कल्याण सामाजिक संस्थान द्वारा साइट सेवर इंडिया के तकनीकी सहयोग से किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में नेत्र रोगों की समय पर पहचान, प्राथमिक स्तर पर नेत्र जांच की गुणवत्ता में सुधार, सुदृढ़ रेफरल प्रणाली का निर्माण, तथा नेत्र देखभाल से संबंधित नवीन राष्ट्रीय दिशानिर्देशों एवं प्रोटोकॉल से स्वास्थ्य कर्मियों को अवगत कराना रहा। विशेष रूप से बैगा बाहुल्य एवं दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में आपसी समन्वय के माध्यम से मोतियाबिंद रोगियों के सफल ऑपरेशन को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन श्रीमती अनुपमा तिवारी, डॉ. एस.के. शर्मा (जिला पैथोलॉजिस्ट, जिला अस्पताल), जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम श्रीमती क्षमा चोपड़ा, साइट सेवर इंडिया से उर्मिमाला, तथा क्रियान्वयन संस्था के प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। साइट सेवर इंडिया, छत्तीसगढ़ की राज्य प्रमुख उर्मिमाला जी ने नेत्र वसंत रूरल आई हेल्थ प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है और लक्ष्यों की प्राप्ति केवल सशक्त समन्वय एवं सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। डीपीएम श्रीमती अनुपमा तिवारी ने अधिक से अधिक मोतियाबिंद रोगियों के चिन्हांकन पर जोर देते हुए फील्ड स्तर पर आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने भी जमीनी स्तर पर हो रही चुनौतियों से अधिकारियों को अवगत कराया। जिला नोडल अधिकारी क्षमा चोपड़ा ने संस्थाओं से आग्रह किया कि चिन्हित मोतियाबिंद रोगियों को सर्जरी हेतु जिला अस्पताल भेजने में सक्रिय भूमिका निभाई जाए, ताकि अंधत्व निवारण कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। कार्यक्रम में जिले के नेत्र सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सूर्या नेत्रालय के प्रतिनिधि, उदयाचल राजनांदगांव के नेत्र सहायक देव लाल बंजारे, साइट सेवर इंडिया से अशोक नंदेश्वर, मोबिलाइज़र जय प्रकाश पोर्ते, तुलाराम यादव सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# पंडरिया के जैन श्वेतांबर मंदिर में अज्ञात चोरों ने बोला धावा

## मंदिर की तीन दान पेटियों से नगदी रकम पार





- पंडरिया पुलिस थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

जिले में लगातार बढ़ रही चोरी और आपराधिक घटनाओं के बीच अब पंडरिया नगर से एक बेहद चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने पंडरिया थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर को निशाना बनाते हुए करीब बड़ी मात्रा में नगदी रकम पर हाथ साफ किया है।

हैरानी की बात यह है कि यह वारदात पुलिस थाना के ठीक सामने स्थित क्षेत्र में हुई, जिससे जिला पुलिस प्रशासन और पंडरिया पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से मंदिर परिसर में प्रवेश किया। चोरों ने मंदिर में रखी तीन दान पेटियों में नीचे से सुराग कर नगदी रकम निकाल ली और यथा स्थान दान पेटियों को व्यवस्थित ढंग से रख दिया गया। इन हालातों में यह भी पता नहीं चल पा रहा है कि आखिर चोरों ने घटना को कब अंजाम दिया है। हालांकि घटना की जानकारी मंदिर प्रबंधन को शुक्रवार सुबह उस समय हुई जब मंदिर के पुजारी और जैन समाज के लोग रोजाना की तरह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। इसके बाद तत्काल पंडरिया थाना को सूचना दी गई। पुलिस ने औपचारिकता निभाते हुए शिकायत दर्ज जांच शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### जैन समाज के लोगों में भारी आक्रोश

इस घटना को लेकर जैन समाज के लोगों में भारी अक्रोश देखा जा रहा है। समाज के लोगों का कहना है कि जब पुलिस थाना के सामने स्थित धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा का क्या हाल होगा, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। लोगों ने सवाल उठाया है कि रातभर पुलिस गश्त का दावा करने वाली पुलिस आखिर उस समय कहां थी, जब चोर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देकर आराम से फरार हो गए। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पंडरिया नगर में पुलिस की रात्रिकालीन गश्त सिर्फ कागजों तक सीमित है। अपराधियों में पुलिस का कोई भय नजर नहीं रह गया है, यही कारण है कि थाना क्षेत्र के आसपास भी अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पंडरिया नगर में पुलिस थाना के आसपास आपराधिक घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। अभी बीते माह ही थाना से कुछ ही दूरी पर एक युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस मामले में भी पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठे थे और अब मंदिर चोरी की इस वारदात ने उन सवालों को और मजबूत कर दिया है। लोगों का कहना है कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह 10 फरवरी को 251 जोड़ों का रचाया जाएगा सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल बनकर उभरी है।

प्रत्येक माता पिता का सपना होता है कि वे अपनी बेटी का विवाह उचित समय पर सम्मानपूर्वक कर सकें, किंतु सीमित आय और आर्थिक कठिनाइयों के कारण अनेक परिवारों को चिंता और परेशानी का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने ऐसी ही चिंताओं को दूर करते हुए जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल में योजना की सहायता राशि को बढ़ाकर 25 हजार रुपये से 50 हजार रुपये कर दिया गया है। बीते दो वर्षों में अब तक जिले में कुल 724 जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा चुका है।

वहीं 10 फरवरी 2026 को कबीरधाम जिले के सरदार वल्लभभाई पटेल मैदान में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में लगभग 251 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर नव विवाहितों को आशीर्वाद देंगे और कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। सामूहिक विवाह की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हो सके।

इस योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह में वैवाहिक संस्कार पूर्ण किए जाते हैं। जिला प्रशासन परिवार की भूमिका निभाते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करता है, जिससे नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान करना, सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना तथा बेटियों के सम्मानपूर्ण भविष्य की राह को आसान बनाना है। यह योजना आर्थिक सहायता के साथ साथ समाज में सम्मान, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश भी देती है।

# आत्मानंद स्कूल कवर्धा में 12 वीं के छात्रों का ससम्मान विदाई समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दुर्गावती चौक कवर्धा में अध्यनरत कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने सीनियर के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं विद्यार्थियों ने अपने सीनियर के लिए मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक गेम्स प्रस्तुत किए। कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने छात्र जीवन का अनुभव बताते हुए अपने जूनियर से अनुरोध किया कि वे अपने छात्र जीवन को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन एवं विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए सफल बनाएं छात्र जीवन पूरे जिंदगी का अहम हिस्सा होता है। विदाई समारोह में स्टूडेंट ऑफ द ईयर अंग्रेजी माध्यम में अवी गुप्ता, मिस फेयरवेल आयशा खान, मिस्टर फेयरवेल समीर घृतलहरे, स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर हिंदी माध्यम रमाशंकर, मिस्टर फेयरवेल हिंदी मध्यम करण साहू एवं मिस फेयरवेल हिंदी माध्यम योगेश्वरी को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष राजा पियूष टाटिया ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अच्छे नंबर से उत्तीर्ण होने का आह्वान किया प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनके आगे के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक आदर्श विद्यार्थी एवं आदर्श नागरिक की भूमिका निभाते हुए सम्मान जीवन निर्वाह के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह में निलीमा जनार्दन, प्रगति श्रीवास्तव, पुष्पलता टंडन, विनल खुराना, आशीष चंद्रवशी, राजेंद्र साहू, कलप कुमार गंधर्व, जगदीश साहू, राकेश साहू, जानकी मंडावी, मनीषा पुरोहित, योगेश ठाकुर, ईश कुमार साहू, नीलम यदु, भावना केशरी, प्रतिमा झा, तामेश्वरी मेडम, वंदना ठाकुर, साक्षी पाण्डे सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




### पक्का शेड बनाने स्वीकृत की गई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कहते हैं कि मजबूत इरादों और सही सरकारी योजना का साथ मिल जाए तो जीवन की राह आसान हो जाती है। कवर्धा जिले के ग्राम पंचायत चरडोंगरी के रहने वाले गौ-पालक लोमेश साहू की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। मनरेगा योजना ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद की। लोमेश साहू का परिवार खेती और पशुपालन पर निर्भर था। उनके पास गाय-भैंस तो थीं, लेकिन उन्हें रखने के लिए पक्का शेड नहीं था। कच्चे शेड में बरसात के समय कीचड़ और गंदगी हो जाती थी। गोबर और गौमूत्र के कारण सफाई रखना मुश्किल हो जाता था, जिससे पशु बीमार पड़ते थे और दूध उत्पादन भी कम हो जाता था। आर्थिक तंगी के कारण पक्का शेड बनवाना उनके लिए बहुत कठिन था। उन्हें मनरेगा से 53 हजार रुपए पक्का शेड बनाने स्वीकृत किया गया है।

**जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू ने लोगों को दी योजनाओं की जानकारी**

# विद्युत मंडल इंदौरी में रजत जयंती वर्ष समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, इंदौरी द्वारा रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के 25 वर्षों की सेवा यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि विद्युत मंडल ने राज्य के विकास, औद्योगिक प्रगति और ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बिजली आज केवल सुविधा नहीं, बल्कि विकास की आधारशिला है। इसके बिना आधुनिक जीवन और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की कल्पना संभव नहीं है। डॉ. साहू ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पण और परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखना एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में विद्युत मंडल नवीन तकनीक, ऊर्जा संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्युत मंडल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। अंत में आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




## छिरहा के विद्यार्थियों ने विशाखापट्टनम में जाना समुद्र और विज्ञान का रोमांच



**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ना था। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विशाखापट्टनम के विशाल बंदरगाहों, समुद्री संग्रहालयों और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र का बारीकी से अवलोकन किया। छात्रों ने समुद्री घटनाओं और जहाजों के संचालन की तकनीकी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। वापसी के दौरान विद्यार्थियों ने बस्तर स्थित भारत के नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकूट जलप्रपात की प्राकृतिक सुंदरता का भी आनंद लिया। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल के बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नई जगहों को जानने की उत्सुकता बढ़ती है। भ्रमण दल में स्कूल के प्रतिभावान छात्र आल्या दिवाकर, प्रिंस पटेल, ऋतु यादव और रितिका बंजारे शामिल थे। प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी व वीणाक्षी नामदेव ने इस अवसर को सुलभ बनाने के लिए कलेक्टर, जिला पंचायत के सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी विनोद श्रीवास्तव एवं एपीसी राकेश चन्द्रवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

